## आधा दर्जन किसानों को पहुँचा नुकसान, कड़ी मशक्कत से आग बुझाई
# आग से 7 एकड़ गेहूं की फसल हुई स्वाहा





हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

गर्मी का मौसम शुरू होते ही आगजनी की घटनाएं होने लगी। सोमवार को ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय के पीछे खेतों में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगी और करीब 7 एकड़ की खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग को बुझाने के लिए कई ग्रामीण खेतों में उतर पड़े और आग बुझाने की कोशिश करते रहे।हालांकि फायर ब्रिगेड वाहन भी मौके पर पहुँचा।

जानकारी के मुताबिक ढीमरखेड़ा में सोमवार दोपहर को किसानों के खेतों में गेंहू की खड़ी फसल में आग लग गई। धुंआ उठता देख हड़कंप मच गया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया गया। आग लगने से ढीमरखेड़ा के किसान उमेश शर्मा, गरीबदास रजक, राजेश पटेल, पुशऊराम पटेल सहित अन्य किसानों की करीब 6 -7 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। जिससे कि किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। खेतों में आग लगा देख किसानों के साथ ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने खेतों में लगी आग बुझाने का प्रयास किया। पेडों की टहनियों और निजी बोर की सहायता से पानी का छिड़काव कर कड़ी मशक्कत से आग को बुझाया गया।

किसानों ने फायर ब्रिगेड वाहन को भी आग लगने की जानकारी दी। सिहोरा से फायर ब्रिगेड वाहन पहुँचा, तब तक कि ग्रामीणों ने आग को काबू में किया। इस मौके पर पुलिस और राजस्व विभाग का अमला भी आग बुझाने में मदद किया। समय पर आग काबू न होती तो किसानों की भारी नुकसान हो सकता था।

## खबर संक्षेप

### चुनाव कार्य में घायल कर्मचारियों का होगा कैशलेस उपचार

**कटनी।** निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में चुनाव कार्य के दौरान घायल होने वाले पुलिस और मतदान अधिकारियों-कर्मचारियों के घायल होने की स्थिति में कैशलेस चिकित्सकीय उपचार कराने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग के निर्देशों के परिपालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मध्यप्रदेश ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में लगे पुलिस एवं मतदान अधिकारियों, कर्मचारियों को चुनाव कार्य के दौरान घायल होने की स्थिति में उन्हें कैशलेस उपचार तुरंत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आयोग के निर्देशों से अवगत कराते हुये जिले में स्थित जिला चिकित्सालय एवं अन्य अधिकृत चिकित्सालयों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिये हैं।

### लोगों को मतदान करने किया जा रहा जागरूक

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नोडल अधिकारी स्वीप तथा जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में विकासखण्ड समन्वयक ढीमरखेड़ा श्रीमती बविता शाह की मौजूदगी में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था इमलिया द्वारा सेक्टर धरवारा एवं महगवां में दीवारों पर मतदाता जागरूकता नारे लिखकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि वोट देना आपका अधिकार है। इसके बदले वे किसी से उपहार न लें। आप अपने कीमती वोट के माध्यम से बेहतर सरकार बनाकर लोकतंत्र को मजबूत कर सकते है। आप अपने मताधिकार का हर हाल में इस्तेमाल करें। स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए हमारा मतदान करना बहुत जरूरी है। प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। लोकतंत्र के लिए एक-एक वोट अमूल्य है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए।

### ओवर ब्रिज के ब्लाकों में अघोषित वाहन पार्किंग



**कटनी।** बरगवां से चांडक चौक तक बनाए गए रेल ओवरब्रिज के नीचे एप्रोच रोड में कभी भी हादसा हो सकता है । ओवर ब्रिज के नीचे खाली ब्लाकों में अघोषित रूप से पार्किंग स्थल बन गया है। एप्रोच रोड से तेज गति से वाहन गुजरते हैं , ऐसे में ब्लॉक के अंदर खड़े किए गए वाहन बैक होकर निकलते हैं तो एप्रोच रोड से निकलने वाले वाहन टकरा सकते हैं । जिला प्रशासन शहर में बने इस ब्लैक स्पॉट को लेकर गंभीर नहीं हैं । चांडक चौक से आजाद चौक के बीच एवं बरगवां की ओर कॉफी हाउस के सामने और उसके आसपास ब्रिज के नीचे खाली ब्लॉक बने हैं । जिनका उपयोग वाहनों की पार्किंग के लिए लोगों ने करना शुरू कर दिया है । करीब आधा दर्जन से अधिक ब्लॉकों में वाहनों की पार्किंग की जा रही है । ब्लॉक के सामने से ही एप्रोच रोड से वाहन निकलते हैं , ऐसे में ब्लॉक के अंदर खड़ा किसी वाहन को चालक बैक कर रहा है । इसी समय एप्रोच रोड से दूसरा वाहन निकलता है तो हादसा हो सकता है । एप्रोच रोड गुजरने वाले चालक को ब्लॉक से बैक होते वाहन नहीं दिखाई देते हैं ।

# लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर सीमाओं मे बढ़ाई गई चौकसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं निंविघ्न संपन्न करानें तथा हर संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एस.एस.टी और एफ.एस.टी नाकों द्वारा निगहबानी की जा रही है।

### आने जाने वालों पर नजर

निर्वाचन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए अन्य जिले व राज्यों से आने वाले वाहनों के आने - जाने पर जांच बहुत आवश्यक कार्य है। इसके लिए जिले व राज्य सीमाओं पर नाकों के माध्यम से गहन जांच की जा रही है। इन नाको की खास बात यह है कि इन नाकों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए है, जिससे निगरानी जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से की जा रही है। संसदीय सीट खजुराहो के लिए विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा, बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़ तथा शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए बड़वारा विधानसभा में स्थापित नाकों पर चौकसी की जा रही है। इन पर कैमरों के माध्यम से भी जिला स्तर पर निगरानी सतत जारी है।

## चैक पोस्ट नाका पर शीतल पेयजल की व्यवस्था

**ढीमरखेड़ा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जबलपुर और कटनी जिले की सीमा के मध्य उमरियापान थाना क्षेत्र के धनवाही गांव में एसएसटी चैक पोस्ट नाका बनाया गया है। यहाँ पुलिस- प्रशासन के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी - कर्मचारियों को तैनात किया गया है। पानी की सुविधा नहीं होने से यहाँ पर तैनात कर्मचारी पानी के लिए परेशान हो जाते हैं।ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी अपने साथ में पानी लाते हैं। लेकिन भीषण गर्मी के मौसम में पानी गर्म हो जाता है। ड्यूटी पर तैनात लोंगो की परेशानी को देखते हुए मंगेली ग्राम पंचायत के सचिव मनीष रंजन मिश्रा ने अपनी तरफ से रोज शीतल पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया है। सचिव मनीष रंजन मिश्रा ने बताया कि चैक पोस्ट नाका में तैनात सभी लोंगों को गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल मिले, इसके लिए प्रतिदिन कंटेनरों के माध्यम से ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।अब नाके पर तैनात लोंगों को पेयजल की कोई दिक्कत नहीं है।

### शिक्षकों ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर किया स्वागत
# 1277 प्राथमिक व 532 माध्यमिक शालाओं में मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार सोमवार को जिले के विकासखण्डों में संचालित 1277 प्राथमिक शालाओं एवं 532 माध्यमिक शालाओं में स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान छात्रों का शिक्षकों के द्वारा तिलक, चंदन लगाकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित होने के लिये प्रेरित भी किया गया।

मॉडल सीएम राइज स्कूल झिंझरी में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह तथा शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी में आयोजित कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक के.के.डेहरिया द्वारा सहभागिता करते हुए छात्रों का तिलक, चंदन व फूल माला से स्वागत किया गया। इस दौरान शाला प्राचार्य, शिक्षक एवं सटाफ सहित शालाओं के नये प्रवेशित बच्चे एवं अभिभावकों की मौजूदगी रही। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस ही समस्त एपीसी, बीआरसीसी, बीएसी एवं समस्त सीएसी की ऑनलाईन गूगल मीट आयोजित कर नवीन शिक्षा सत्र हेतु शालाओं में समस्त आवश्यक कार्यवाहियॉ एवं व्यवस्थांए पूर्ण करने के निर्देश परियोजना समन्वयक श्री डेहरिया द्वारा निर्देशित किया गया था।

## स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया बीसीजी टीकाकरण



मुरवारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत व्यस्क बीसीजी टीकाकरण किया गया। इसमें 50 के करीब व्यस्कों का बीसीजी टीकाकरण किया गया, ताकि इनका इम्यून सिस्टम टीबी जैसी बीमारी से बचाव के लिए मजबूत हो सके। मुरवारी गांव में सबसे पहले ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी ब्रजभूषण बैरागी ने टीका लगवाया।स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोजित टीकाकरण में गांव के करीब 35 लोगों ने पहले दिन टीका लगवाया। जनपद सदस्य ज्योति बैरागी ने गांव के पात्र लोंगो को भी स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचकर टीका लगवाने के लिए कहा। ताकि बीमारी से बचा जा सके। बता दें कि भारत सरकार ने 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है।

### 5 शैक्षणिक संस्थानों के 27 कक्षों में 5677 मतदान कर्मियों को दिया जायेगा प्रशिक्षण
# लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दलों का प्रशिक्षण जिले के 5 शैक्षणिक संस्थानों के 27 कक्षों में मंगलवार 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक आयोजित किया गया है।

इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने मतदान दलों को प्रशिक्षण प्रदान करनें हेतु जिला स्तर एवं विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को नियत तिथियों एवं शिफ्ट में प्रशिक्षण केन्द्रों में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है।

प्रशिक्षण हेतु 54 मास्टर ट्रेनर्स एवं 18 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान दलों को 5 शैक्षणिक संस्थानों में कुल 54 मास्टर ट्रेनर्स एवं 18 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण हेतु चयनित स्थलों में पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में सोमवार 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक तक कक्ष क्रमांक 1 से 10 तक में कुल 20 मास्टर ट्रेनर्स एवं 8 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 2498 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जबकि नालंदा महाविद्यालय झिंझरी कटनी के कक्ष क्रमांक 1 एवं 2 में कुल 4 मास्टर ट्रेनर्स एवं 2 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 520 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

इसी तरह नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल झिंझरी के कक्ष क्रमांक 1, 2 एवं 3 में 6 मास्टर ट्रेनर्स एवं 2 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 600 कर्मचारियों को तथा सी.एम.राइज स्कूल झिंझरी के कक्ष क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 में कुल 8 मास्टर ट्रेनर्स एवं 2 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 459 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा सेंटपाल स्कूल झिंझरी के कक्ष क्रमांक 1 से 8 तक में कुल 16 मास्टर ट्रेनर्स एवं 4 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 1600 कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

### शासकीय तिलक कॉलेज में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी
# वर्टिकल गार्डनिंग एवं अरहर उत्पादन की धरवाड़ पद्धति का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्य डॉक्टर सुधीर खरे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के क्रम में वर्टिकल गार्डनिंग के अंतर्गत सब्जियों फल फूल तथा सजावटी एवं शोभा दर पौधों को इनडोर या आउटडोर दीवारों खिड़कियों पर हैंगिंग पॉट्स और ग्रो बैग में या प्लांट स्टैंड में गमलों को रखकर उनमें पौधों को लगाना वर्टिकल गार्डनिंग कहलाता है। इस विधि में काम जगह में अधिक पौधे लगा सकते हैं सजावटी पौधों के अंतर्गत मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, कैक्टस, एलोवेरा, फूल वाले पौधे,



जरबेरा, गुलदाउदी ,जेरेनियम, बिगोनिया तथा सब्जी वाले पौधों टमाटर, लौकी, बीन्स, करेला ,मटर ,लोबिया, तोरई आदि को लगाने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

अरहर का उत्पादन बढ़ाने के लिए धारवाड़ पद्धति के अंतर्गत रोपण पद्धति को अपनाकर उत्पादकता में वृद्धि बीज दर में कमी उन्नत बीज का उपयोग अंतरवर्तीय फसल पद्धति सिंचाई खरपतवार कीट एवं रोग नियंत्रण तथा शसय क्रियाओं का उपयोग करके कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत किस्म का चयन बीज उपचार पॉलिथीन बैग में बुवाई भूमि की तैयारी पौधारोपण शीर्ष शाखाओं को तोड़ना निंदाई गुड़ाई सिंचाई कटाई गहाई एवं भंडारण की जानकारी दी गई।

कृषक पद्धति से 47 हजार 350 रुपए एवं धरवाड़ पद्धति से 1 लाख 24 हजार 588 रुपए प्रति हेक्टर की वार्षिक आय का आर्थिक विश्लेषण की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। 2 किलो प्रति हेक्टर उन्नत किस्म के बीज को पॉलिथीन बैग में मिट्टी एवं जैविक खाद भरकर एक-एक बीज डालकर बोने तथा 20 से 25 दिन का पौधा होने पर पॉलिथीन बैग से निकालकर कतार से कतार की दूरी 5 फुट एवं पौधे से पौधे की दूरी 3 फीट पर पौधारोपण कर प्रति एकड़ 3 हजार पौधे लगाए जानें की जानकारी दी गई।

### लंबित प्रकरणों को तय समय में निराकरण कराने के दिए निर्देश
# लिक्विड वेस्ट मेनेजमेंट के लिए भूमि अधिग्रहण की करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में समय- सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने न्यायालयीन प्रकरणों ,शासकीय योजनाओं एवं लबित पत्रों की क्रमवार समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यो में प्रगति लानें के निर्देश दिए।



### गेंहूं गुणवत्ता परीक्षण की दें ट्रेनिंग

कलेक्टर ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूलय पर उपार्जित गेंहूॅ की गुणवत्ता परीक्षण के कार्य को व्यस्थित रूप से संपन्न करानें की दृष्टि से उपार्जन कार्य में संलग्न दल के साथ ही उपार्जन समिति आदि को ट्रेनिंग प्रदाय करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने विपणन वर्ष 2024-25 में गेंहू उपार्जन एजेंसी द्वारा अमानक घोषित किये गए स्कंध का शीघ्र निराकरण करानें तथा उपार्जन केन्द्रों में ग्रेडर एवं अन्य आवश्यक सुविधांए शीघ्र मुहैया करानें के निर्देश सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील को दिए।

### छात्रवृत्ति अपडेशन में लावें प्रगति

कलेक्टर द्वारा एस0सी, एस.टी प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु शालेय विद्यार्थियों के समग्र, आधार, डिजिटल जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र के अपडेशन कार्य की प्रगति की जानकारी जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग पूजा द्विवेदी से ली जाकर जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से इस कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

### भूमि अधिग्रहण की करें कार्यवाही

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 योजना के तहत नगर परिषद कैमोर में लिक्विड वेस्ट मैनजमेंट हेतु भूमि की उपलब्धता के संबंध में सी.एम.ओ कैमोर से जानकारी ली जाकर नियमानुसार भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने बैठक मे विभागीय लंबित एवं प्रचलित न्यायालयीन अवमानना प्रकरणों सहित आयोग से प्राप्त विभिन्न विभागों की शिकायतों की विस्तार से समीक्षा कर लंबित न्यायालयीन प्रकरणों पर जवाबदावा और पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करनें तथा आयोग की लंबित शिकायतों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करनें के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर नें बैठक के दौरान खनिज अधिकारी संतोष सिंह को खनिज विभाग की भू - राजस्व लंबित होनें वाली खदानों से संबंधित कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनांतर्गत अतिरिक्त आवंटन के प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करनें के निर्देश श्रम पदाधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरणों में अभियोजन की अनुमति की कार्यवाही हेतु आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया।

# धर्म परिवर्तन मामले की हकीकत जानने जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमघाट में ग्रामीणों को धर्म परिवर्तित के लिए उकसाये जाने के मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस ने गांव की ही एक महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम कोसमघाट निवासी महिला कुछ दिनों से लोगों को धर्म परिवर्तन कराने में जुटी हुई थी। महिला लोगों के घर जाकर व बुलाकर कहा करती थी कि ईसाई धर्म अपनाने से सभी बीमारियां व परेशानियां दूर हो जाएगी। गांव के ही एक व्यक्ति को भी महिला के द्वारा धर्म परिवर्तन के लिए कहा जाता था। महिला द्वारा की जाने वाली हरकतों के बारे में जब ग्रामीणों को पता चला तो उन्होंने इसकी शिकायत ढीमरखेड़ा थाने में जाकर की। पुलिस ने मामले को जांच में लिया। उप निरीक्षक सीताराम बागरी ने शिकायत के आधार पर महिला के खिलाफ धारा 3,5 मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 2021 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अभी महिला द्वारा धर्म परिवर्तन कराए जाने की पुष्टि नहीं हुई है। महिला लोगों को लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए संपर्क बनाती थी। विवेचना के बाद वास्तविकता स्पष्ट हो पाएगी। धर्म परिवर्तन करने के लिए जिस महिला के ऊपर ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं वह महिला गांव की ही बताई जा रही है। पूरे मामले को जांच में लेते हुए पुलिस सत्यता का पता लगाने में जुट गई है।

## खबर संक्षेप



### ढाई लाख रूपए किये जब्त, जांच के बाद लौटाई

**कटनी।** सोमवार को थाना प्रभारी रीठी राजेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने 2 लाख 50 हजार रुपए कैश जब्त करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीठी पुलिस के द्वारा आदर्श आचार संहिता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के पालन में संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान थाने के सामने वाहन क्रेटा MP20CG 7347 को रोककर चैक किया गया तो वाहन की अगली सीट की डिग्गी के अंदर 2 लाख 50 हजार रुपए नगद रखे मिले। वाहन चालक से नाम पता व उक्त राशि के संबंध में पूछने पर उसने अपना नाम नीतेश सिह पिता जय प्रकाश सिह निवासी ग्वारी घटाट जबलपुर हाल रीठी शराब दुकान में कैशियर के पद पर कार्य करना व उक्त राशि जो शराब दुकान की बीती रात की बिक्री है। जिसे लेकर बैंक जमा करने जाना बताया। नीतेश सिह के द्वारा उक्त राशि के संबंध में वैद्य दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत किये गये। दस्तावेजों के सत्यापन पश्चात उक्त जब्त राशि नीतेश सिह को हिदायत देकर सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में उनि विनोद पटेल, सउनि. दिनेश सिह चौहान, प्रआर रामपाठक, भोले शंकर, भोला गुप्ता, अजय मेहरा, आर. ज्ञानेन्द्र सिह शामिल थे

### वाहन चेकिंग दौरान सवा दो लाख रूपए बरामद

**कटनी।** वाहन चैकिग के दौरान डन कालोनी माधवनगर के पास एक व्यक्ति के पास से 1,22,050 रूपये पाये गए एवं पुलिस चौकी निवार के द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान 1,00,000 रूपये नगद पाये जाने पर दोनों व्यक्तियों से इतनी नगदी रखने व लाने ले जाने का कारण पूछा गया जिन्होंने नगदी रखने कारण बताया पुलिस को युक्तियुक्त लगने पर उक्त रकम वापस उन्हें सुपुर्द की गई। उपरोक्त कार्यवाही में अनूप सिंह ठाकुर निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, दुर्गेश तिवारी उप निरीक्षक चौकी प्रभारी निवास, विष्णु जायसवाल उपनिरीक्षक, कमलेश्वर शुक्ला सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक श्रीकान्त, पवन, आरक्षक अनूप, पंकज, रणविजय, लोकेन्द्र आदि की भूमिका निभाई है।

### उत्साह पूर्वक मनाया होली मिलन समरोह

**कटनी।** रजक समाज जन जागृति विकास समिति, कटनी नेतृत्व में होली मिलन "रंगपंचमी" समारोह का आयोजन रेखा रामगोपाल रजक सचिव महिला इकाई के निज निवास ग्राम करहिया कला में मुख्य अतिथि सुमन रजक एवं अध्यक्षता श्याम लाल रजक के उपस्थिति में स्वच्छता अभियान के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज के छायाचित्र में पुष्प अर्पित टीका वंदन कर उत्साह पूर्वक से होली मिलन एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर मनाया गया। इस अवसर पर रोशनी रजक, रेखा रजक, रामवती रजक, गीता रजक, स्वाती रजक, मौजीलाल रजक, रामाधार रजक, भारत रजक मौजूद रहे।

## रंगनाथ नगर, माधवनगर व बाकल पुलिस ने जब्त की अवैध शराब

# दूध के कंटेनर में शराब की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रंगनाथ नगर पुलिस ने एक दूध विक्रेता के पास से शराब जब्त की है। दूध वाले ने अपने दूध के डिब्बा को शराब तस्करी के लिए इस्तेमाल किया लेकिन पुलिस ने उसे तस्करी करते हुए रंगे हाथों दबोच लिया।

रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि एसपी अभिजीत रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा.संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना रंगनाथ पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कार्यवाही के दौरान आइसीआइसीआई बैंक के पास दूध का व्यवसाय करने वाले अमीरगंज निवासी विमल यादव को घेराबंटी करके पकड़ा गया। आरोपी ने अपने दूध के कंटेनर में अवैध रूप से 50 देसी मदिरा मसाला की बोतले छिपा रखी थी। जिसे वह बेचने की फिराक में था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसके कब्जे से मोटरसाइकिल, दूध का कंटेनर जिसमें शराब रखा हुआ था एवं अवैध शराब को जप्त कर विधिवत कार्रवाई की है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उप निरीक्षक नवीन नामदेव, उपनिरीक्षक दिनेश तिवारी, सउनि बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, प्र आर गोविंद, आरक्षक नवीन शुक्ला एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### 70 हजार की शराब जब्त

एसपी के निर्देशन में थाना माधवनगर द्वारा अवैध शराब परिवहन करते 07 आरोपियों को पकड़ने सफ़लता मिली है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के पालन में माधवनगर पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। लगातार कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानो से मुखबिरो की सूचना पर अन्नू उर्फ अरूण यादव के कब्जे से 200 पाव, अभिषेक यादव के कब्जे से 200 पाव, संजय आडवानी के कब्जे से 100 पाव, नितिन राजपूत के कब्जे से 50 पाव, सियाराम लूनिया के कब्जे से 50 पाव, बलराम चौधरी के कब्जे से 50 पाव, एवम् सचिन चौधरी के कब्जे से 50 पाव अवैध रूप से शराब परिवहन करते पाये जाने पर 07आरोपियों के विरूध्द पृथक पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 700 पाव शराब जप्त की है, जप्त शराब की कुल कीमत 70,000 रूपये आंकी गई है।

### बाकल पुलिस ने भी जब्त की शराब

बाकल पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक व्यक्ति के ठिकाने पर छापा मार कार्यवाही करते हुए घर के पीछे बाड़ी में छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। बाकल थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद के मार्गदर्शन में मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए थाना बाकल द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी कल्याण सिंह निवासी कछार गांव के कब्जे से कुल 420 पाव देसी प्लेन मदिरा कुल 75 लीटर शराब कीमती 30 हजार रुपए की जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।




## सुभाष चौक स्थित दो मेडिकल स्टोर्स की अनुज्ञप्तियाँ निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुभाष चौक स्थित प्रकाश मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स तथा शारदा मेडिकल स्टोर्स को प्रदत्त अनुज्ञप्तियाँ तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई है।

औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी मनीषा धुर्वे ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर विगत 28 फरवरी को औषधि निरीक्षक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सुभाष चौक स्थित प्रकाश मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स तथा शारदा मेडिकल स्टोर्स के औचक निरीक्षण के दौरान दुकान में औषधि अनुज्ञप्तियां उचित स्थान पर प्रदर्शित नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय- विक्रय का बीजक संबंधितों द्वारा प्रस्तुत नहीं किये गए तथा दुकान में भी नही पाये गए तथा निरीक्षण पुस्तिका फार्म- 35 भी संधारित नहीं पाई गई।

उक्त दोनों मेडिकल स्टोर्स के संचालकों द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के नियम 65 के उल्लंघन करनें पर तत्काल प्रभाव से अनुज्ञप्तियां निरस्त करने की कार्यवाही की गई है।

**जगतपुर उमरिया में शराब दुकान खोलने से लोग आक्रोशित**

## उपसरपंच की अगुवाई में शराब दुकान खोलने का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



बड़वारा उपसरपंच अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम जगतपुर उमरिया के ग्राम वासियों ने महिला पंचों तथा महिला व पुरुषों के साथ संयुक्त रूप से बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को ज्ञापन सौंपकर जगतपुर उमरिया में शराब दुकान खोले जाने पर रोष व्यक्त किया है एवम अपना विरोध जताया है।

बड़वारा ग्राम पँचायत अंतर्गत जगतपुर उमरिया में शराब ठेकेदार के द्वारा शराब दुकान खोले जाने का ग्राम वासियों ने बड़वारा के उपसरपंच अनुराग गुप्ता तथा महिला पंचों व महिलाओं के साथ पुरुषों ने भी शराब दुकान खोले जाने पर आक्रोश व्यक्त कर बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को ज्ञापन सौंप कर अपना रोष व्यक्त किया है। बड़वारा के उप सरपंच अनुराग गुप्ता ने ग्राम वासियों के साथ ज्ञापन सौंपते हुए बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को बताया कि ग्राम जगतपुर उमरिया स्थित खसरा नम्बर 216 जो कि शासकीय नम्बर है इसी खसरा नम्बर पर पँचायत के द्वारा पुस्तकालय भवन का निर्माण भी करवाया गया है किन्तु इसी शासकीय भूमि पर नर्बद कोल द्वारा पक्का मकान निर्माण करवा कर दुकान भी बनवा ली गई है जिसका आवेदन ग्राम पँचायत द्वारा पूर्व में भी दिया जा चुका है। अब नर्बद कोल द्वारा बनवाई गई इसी दुकान पर शराब ठेकेदार द्वारा दुकान का सञ्चालन किया जा रहा है। ग्राम वासियों का कहना है कि ग्राम में शराब दुकान संचालित होने से ग्राम का माहौल खराब होगा इसी मेन रोड पर शासकीय स्कूल व खेर माता स्थित है जिससे लोगों की भावनाएं आहत होंगी। ग्राम वासियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यदि एक सप्ताह के अंदर जगतपुर उमरिया में शराब दुकान बन्द नही की जाती तो ग्राम वासी आंदोलन करने को वाध्य होंगे जिसकी जबाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान श्रीमती काशीबाई विश्वकर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, धनिया बाई विश्वकर्मा आशा कार्यकर्ता, फुलझरिया बाई महिला पंच, मंटो बाई महिला पंच, राजकुमारी, मीरा विश्वकर्मा, फूलबाई, ओमती, सरोज बाई,धना बाई, शील बाई आदि शामिल रहीं।

## शासकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन पर सोमवार 1 अप्रैल को जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में हर्ष और उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के चेहरे खिले नजर आये। प्रवेश उत्सव में कक्षा पहली, कक्षा छठवीं और कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नि: शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाकर शिक्षकों द्वारा स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी उपस्थित जनों को दी गई एवं अभिभावकों एवं पालकों से विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्कूल भेजने का आग्रहा किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद, हरदुआ,खरखरी,उत्कृष्ट कटनी , सी एम राइज कटनी विद्यालय में उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया।

## मेंहदी लगाकर छात्राओं ने लोगों को दिया मतदान करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहडोल लोकसभा संसदीय क्षेत्र में आगामी 19 अप्रैल को मतदान होगा।लोकतंत्र के इस पर्व पर शत प्रतिशत मतदान हो, मतदाता मतदान के लिए बढ़चढ़कर हिस्सा लें इसके लिए स्वीप अभियान अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में रविवार को आयोजित होने वाली सीएमसीएलडीपी कक्षाओं के छात्रों ने मतदान को लेकर प्रेरित किया।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रेरित

जिला समन्वयक ड़ॉ. तेजसिंह केशवाल के निर्देशन और विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों पर मतदान संबंधी मेहंदी लगा कर मतदान करने का संदेश दिया। ये छात्र-छात्राएं गांव तथा कस्बों में भी मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को भी शत- प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

इस मौके पर सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया,कोदूलाल हल्दकार, विकास हल्दकार,सतेंद्र सिंह राजपूत, परामर्शदाता सुमित सिंह ठाकुर, शैलेष दुबे, सुरेश दुबे, धर्मेन्द्र गर्ग, अमरदीप सिंह जोगी सहित बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

**सीएमएचओ ने 13 मार्च को आदेश जारी किये थे निर्देश**

## उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण में डस्ट से की गई दीवार जुड़ाई को नहीं गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

विजयराघवगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम गोहावल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत उप स्वास्थ्य की बिल्डिंग लगभग 50 लाख से अधिक की लागत से बनाई जा रही है। जिसमें दीवाल की जोड़ाई डस्ट से की जा रही थी जिसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गंभीरता के साथ संज्ञान में लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तुरंत जांच के लिए निर्देशित किया गया।

### निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने दिये थे आदेश

कलेक्टर अवि प्रसाद के आदेश के पालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी के द्वारा निर्माण स्थल गोहावल 13-3-24 को पहुंच कर जांच किया गया जिसमें अधिकारी के द्वारा जांच के दौरान पाया कि गोहावल में बन रही स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग के दीवाल की जोड़ाई डस्ट से की जा रही है जांच अधिकारी के द्वारा पत्र क्रमांक डी.पी.एम.यू/ विकास/ 2024/2479 में साफ-साफ जिम्मेदार अधिकारी एवं ठेकेदार को आदेश दिया गया है कि उप स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोहावल में बनाई जा रही बिल्डिंग जो कि डस्ट से जोड़ाई की गई है उसे गिराया जाए और सूचित किया जाए कि डस्ट से जोड़ाई की गई दीवाल को नष्ट कर गुणवत्ता युक्त अस्पताल की बिल्डिंग बनाई जाए, पर ऐसा कुछ नहीं किया गया। उपयंत्री का कहना हे कि हमें ई साहब ने कह दिया है कि अब डस्ट से जोड़ाई बंद कर दो रेता से जोड़ाई चालू रखो बाकी हम देख लेंगे ज्यादा हो तो हमसे बात करा देना।



ठेकेदार एवं उनके मुंशी द्वारा बताया गया कि उप यंत्री अभी दो दिन पहले आए थे दीवाल गिराने जैसा कोई आदेश नहीं दिया ये बोल के गए हैं कि रेता से जोड़ाई करो डस्ट बंद कर दो। डस्ट से की गई दीवाल की जोड़ाई के मामले में कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के जांच निर्देशन की पालन उपयंत्री द्वारा नहीं किया गया जिससे स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग नींव से ही कमजोर व घटिया निर्माण किया जा रहा है।

## ग्राम समिति की बैठक में आदिवासी ग्रामीणों ने लिया भाग

# आधा सैकड़ा आदिवासी परिवारों को मिलेगा आजीविका का साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




जनपद पंचायत बहोरीबंद के सुदूर पहाड़ी जंगल में स्थित वन ग्राम निपानिया में लोक जैव विविधता पंजी निर्माण के लिए ग्राम समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आदिवासी ग्रामीणों ने भाग लिया। विदित हो कि जनपद पंचायत बहोरीबंद अंतर्गत लोक जैव विविधता पंजी का निर्माण किया जाना है। आदिवासी दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में स्थित ग्राम निपानिया सुदूर घनघोर जंगल एवं पहाड़ों में स्थित है, जहां लगभग 60-70 परिवार आदिवासीयों के निवासरत हैं।

इस ग्राम में विभिन्न प्रकार की अमूल जैव विविधता पाई जाती है। लोक निर्माण समिति के प्रोजेक्ट इंचार्ज पीआई मनोज गर्ग प्रभारी प्राचार्य शा हाई स्कूल रामपाटन ने बताया कि ग्राम निपानिया में हर्रा, बहेड़ा, महुआ एवं चार के वृक्ष प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इस महंगी व अमूल्य वन प्रजाति को पंजी में सम्मिलित किया जावेगा। यदि इनका संरक्षण एवं संवर्धन उचित तरीके से किया जाए तो यह आदिवासियों की जीविका का अच्छा साधन बन सकता है।

### बाजार में मिलेगी अच्छी कीमत

स्थानीय आदिवासी ने बताया कि बाहरी व्यापारी आकर हम ग्रामीणों से चार, महुआ, हर्रा, बहेडा आदि सामान कम दामों में खरीद कर ले जाते हैं। विगत वर्ष जिला कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा चार की चिरौंजी उत्पादन के लिए विशेष पायलट प्रोजेक्ट के रूप चिन्हित किया गया था तथा ग्रामीण आदिवासियों के लिए रानी दुर्गावती सहकारी संस्था समिति का गठन कराया गया था। उन्हें चार की गुठली से चिरौंजी निकालने के लिए एक मशीन भी ग्राम में लगवाई गई थी, जिससे समिति स्वयं चिरौंजी निकालकर बाजार में अच्छे दामो में बेचकर अपनी आजीविका का साधन बना सकें।

समिति के उपाध्यक्ष मंगल सिंह ने बताया कि हमें कलेक्टर द्वारा चार के 4000 पौधे लगाने के लिए दिए गए थे, जो तैयार हो रहे हैं। जिससे हमारी आय में वृद्धि होगी। यदि हमें शासन द्वारा चार के और पौधे दिए जाए तथा इनके संवर्धन के लिए तकनीकी सहायता दी जाए तो हमारे गांव में एक चार की चिरौंजी का एक अच्छा हब तैयार हो सकेगा। हम समिति के माध्यम से ग्रामीण आदिवासी अपना जीविका को बेहतर कर सकेंगे।

### गत वर्ष 200 क्विंटल चिरौंजी

समिति के सचिव विनोद सिंह ने बताया कि हमारे यहां चार के वृक्ष को कोई नहीं कटता है तथा अपनी रोजी समझ कर इसे संरक्षित एवं संवर्धित करते हैं। हर एक आदिवासी उसकी देखभाल करता हैं। ग्राम की जीविका का साधन भी यही वन संपदा है। समिति के सदस्यों द्वारा विगत वर्ष लगभग 200 क्विंटल चार को एकत्रित कर अपने ग्राम में ही इसकी चिरौंजी निकाली गई थी। जिसको अच्छे मार्केट एवं उचित दामों पर विक्रय किया गया हैं। यदि प्रशासन अपने स्तर पर आदिवासियों को सहयोग प्रदान करें तो निश्चित रूप से इस ग्राम की आदिवासियों की आय कई गुना बढ़ जाएगी।

## तीन आदतन अपराधियों को किया बाउण्ड ओव्हर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**तीन माह की अवधि तक प्रतिमाह पूलिस थाना में देनी होगी हाजिरी**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 (क) के तहत जिले के तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही कर 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह एक दिवस संबंधित पुलिस थाना मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश जारी किया है।

जिला दण्डाधिकारी श्री प्रसाद द्वारा जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्विघ्न एवं भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है।

जिला दण्डाधिकारी श्री प्रसाद द्वारा थाना रंगनाथ नगर मंगलनगर निवासी छोटू चौधरी उर्फ बाबा सेलानी पिता लखन चौधरी उम्र 32 वर्ष, थाना बरही अंतर्गत ग्राम बगैहा निवासी सत्यनारायण गुप्ता पिता स्व भगवानदीन गुप्ता उम्र 49 वर्ष तथा थाना माधवनगर अंतर्गत कैरिन लाईन निवासी नीरज भोजवानी उर्फ नीरू भोजनवानी पिता हरीश भोजवानी उम्र 34 वर्ष के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही कर संबंधित थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है। आदेश में सभी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तीनों आरोपियों को तीन माह तक प्रतिमाह एक दिवस अपनी उपस्थिति संबंधित थाने में दर्ज कराने हेतु आदेशित किया गया है।

### पोस्टल बैलेट से वोट करने की सुविधा

**कटनी।** मतदान दिवस के कवरेज मेंशामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो।

कार्यालय- कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, भुड़सा

**निविदा आमंत्रण**

दिनांक 02,04,2024

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास भुड़सा में सत्र 2024-25 के लिए माह जून 2024 से मार्च 2025 तक के लिए निविदा आमंत्रित है। सामग्री किराना, राशन, स्टेशनरी इत्यादि सामान 200/ बालिकाओं के हिसाब से देना है। फार्म भरने की तिथि 04,04,2024 से 10,04,2024 तक एवम 12,04,2024 को निविदा SMC के सामने खोली जाएंगी। जिसमे दस्तावेज सरकारी संस्था में सामग्री देने का अनुभव पत्र, जी.एस.टी. रिटर्न की कापी सभी दस्तावेज संलग्न करें।

अध्यक्ष/वार्डन
कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास भुड़सा
शाला प्रबंधन समिति, भुड़सा
मो - 9589578866

## खबर संक्षेप

### गुम हुई 4 वर्षीय बच्ची को पुलिस ने चंद घंटों में माँ से मिलाया

**अमानगंज ।** नगर अमानगंज के हरदौल मंदिर के पास रहने वाली फूलवती पति राकेश आदिवासी की 4वर्षीय बच्ची गीता आदिवासी पिता राकेश आदिवासी अपनी मां से बिछड़ गई थी और नया बस स्टैंड अमानगंज में घूम रही थी जिसको पुलिस ने चंद घंटे में उसकी मां को तलाश कर उससे मिलवाया। अपनी बच्ची को सकुशल देखकर फूलवती आदिवासी की चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दी।

### दो नाबालिकाओ को दस्याब कर अमानगंज पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अपहत बालक/ बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनु0 अधि0 पुलिस गुनौर ग्लेडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन में थनो के में दर्ज अपहरण के प्रकरणों में अपहत बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु जिले के समस्त थानो में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था । इसी तारतम्य में थाना अमानगंज में दिनांक 27.03.24 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट की गई की उसकी नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना अमानगंज मे अप.क्र. 157/24 एंव 158 /24 धारा 363 भा.द.वि. कायम किया गया जाकर उक्त प्रकरण मे थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये अपहत बालिका की तलाश कर दस्तयाबी हेतु प्रयास किये गये । मामले में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मामले की अपहताओ को दिनांक 31.03.24 को कस्बा अमानगंज से दस्तयाब किया जाकर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनो के सुपुर्द किया गया है । सराहनीय योगदान उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया , प्र.आर 113 राजीव मिश्रा, मुकेस सोनी ,आरक्षक द्वारका प्रसाद, बरदानी प्रजापति, तुलसीदास , हेमंत ,मेहरबान, विश्वास, एवं सलीम ,महिला आरक्षक अजली त्रिपाठी का सरहानीय योगदान रहा है।

### सामान्य प्रेक्षक की नियुक्ति

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2013 बैच के अधिकारी नगिक्य गोहेन को सामान्य प्रेक्षक बनाया गया है। सामान्य प्रेक्षक के व्यवस्था प्रभारी का दायित्व जिला आबकारी अधिकारी संतोष कुमार सिंह और लायजनिंग अधिकारी का दायित्व उपयंत्री राकेश अरजरिया को सौंपा गया है, जबकि स्टॉफ में स्टेनोटाइपिस्ट अभिषेक यादव और भृत्य विवेक रावत की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

### राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन



**पन्ना।** अप्रैल माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। इसके बाद शासकीय कार्य की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### सीईओ जिला पंचायत ने फीता काटकर किया प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

# अच्छी शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का आधार- सीईओ जिपं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कहा कि अच्छी शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का आधार है। आज इस वर्ष विद्यालय खुलने का प्रथम दिवस है, इस अवसर पर सभी विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन हमें अनुशासन और अध्ययन की नई-नई चीजों को सिखाता है। इसके बावजूद विद्यार्थी जीवन सबसे सुखद और कम संघर्ष कम वाला होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में गुरु के स्थान एवं महत्व को समझना आवश्यक होता है और उन्होंने कहा कि गुरु का स्थान सर्वश्रेठ है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अर्पित वर्मा आज शासकीय हाई स्कूल अभाना में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन हर किसी के जीवन का अहम हिस्सा होता है। छात्रों और देश का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि छात्र कैसे हैं। ऐसे में सही मार्गदर्शन मिलना जरूरी है। विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन की नींव बनाता है। विद्यार्थी जीवन हमेशा खुशियों से भरा नहीं रहेगा लेकिन यह सार्थक रहेगा। यह हमें जीवन के पथ पर बढ़ने और ईमानदारी, धैर्य, दृढ़ता, और बहुत कुछ जैसे गुणों को प्राप्त करने में मदद करता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने 'काक चेष्टा बको ध्यानम ,स्वान निद्रा तथैव च। अल्पहारी, गृहत्यागी ,विद्यार्थी पंच लक्षणम' श्लोक के माध्यम से विद्यार्थियों के पांच लक्षण के बारे में बताते हुए में भी समझाइश दी। मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जिला पंचायत में शासकीय हाई स्कूल अभाना में फीता काटकर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत में मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत में बच्चों के साथ उनके पढ़ाई एवं भविष्य को लेकर संवाद भी किया। कार्यक्रम में सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा विभाग मोहन राय सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

# नहीं बना स्टापडेम, गर्मी में सूख जाती गैसाबाद की व्यारमा नदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



गर्मी का मौसम आते ही ग्राम की व्यारमा नदी का पानी सूख जाता है। कहीं-कहीं पर गढ़ों में थोड़ा बहुत पानी ही रह जाता है जिससे लोगों को आसुविधा होती है। एक और जहां किसान गर्मी के मौसम की फसल नहीं बा पता है वहीं दूसरी ओर मवेशियों को पीने के पानी की परेशानी होती है। इस समस्या को लेकर ग्रामीण जनों द्वारा ग्राम की व्यारमा नदी पर स्टॉप डेम बनाए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। लेकिन शासन प्रशासन द्वारा आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यदि नदी पर स्टॉप डेम का निर्माण कर दिया जाए तो नदी में गर्मी के मौसम में भी पर्याप्त पानी रहेगा जिससे किसानों की खेती भी हो सकेगी और मवेशियों को पीने के लिए पानी की भी व्यवस्था होगी। गौरतलब है कि दमोह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद पहलाद पटेल एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल द्वारा ग्राम की व्यारमा नदी का निरीक्षण कर ग्राम के जरा हार में स्टॉप डैम बनाए जाने की घोषणा की गई थी। इसके लिए बाकायदा जमीन का नापतोल भी किया गया था। लेकिन सांसद महोदय दोबारा सांसद बनकर केंद्र में मंत्री भी बन गए और वर्तमान की प्रदेश सरकार में पंचायत मंत्री है लेकिन ग्राम में स्टाप डैम का निर्माण आज तक नहीं हो सका। क्षेत्रवासियों ने एक बार फिर शासन और प्रशासन से ग्राम की व्यारमा नदी पर स्टाप डेम बनाए जाने की मांग की है।

#### इनका कहना है

मेरे कार्यकाल में ग्राम गैसाबाद और ग्राम दादपुर में स्टॉप डैम स्वीकृत हुए थे ग्राम दादपुर का स्टॉप डैम बन गया है। गैसाबाद के स्टॉप डैम का भी निर्माण किया जाएगा।

### यश राय का नवोदय में चयन



**सिंग्रामपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें ग्राम सिंग्रामपुर की ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल सिंग्रामपुर से यश राय पिता अजय कुमार राय का चयन होने की जानकारी मिलते परिजनों में खुशी का महौल बन गय। यश के उज्जवल भविष्य की शाला परिवार एवं ग्राम के लोगों ने कामना की एवं चयन होने पर बधाई दी। प्रधान शाला के आचार्य देवी सिंह यादव ने बताया इस साल हमारे स्कूल से तीन छात्रों का चयन हुआ है तीनों छात्रों को उज्जवल भविष्य की में कामना करता हू ।

## भागवत कथा सुनने से होता है हृदय रूपी मंदिर का शुद्धिकरण- पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय सिविल बार्ड 7 में चल रही श्रीमद् भागवत के प्रथम दिवस में दिव्य भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ हुई। कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है। जब इसे हम अपने जीवन व व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हैं अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करेंअन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन, कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है कथा कल्पवृक्ष के समान है जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भागवत पुराण अट्ठारह पुराणों में से एक है इसे श्रीमद् भागवत या केवल भागवतम् भी कहते हैं। इसका मुख्य विषय भक्ति योग है, जिसमें श्रीकृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरूपण भी किया गया है। भगवान की विभिन्न कथाओं का सार श्रीमद् भागवत मोक्ष दायिनी है इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं श्रीमदभागवत कथा सुनने से प्राणी को मुक्ति प्राप्त होती है। भागवत कथा का दर्शन हर किसी को प्राप्त नहीं होता श्रीकृष्ण की रासलीला के दर्शन करने के लिए शिवजी को गोपी का रूप धारण करना पड़ा आज हमारे यहां भागवत रूपी रास चलता है परंतु मनुष्य दर्शन करने को नहीं आते वास्तव में भगवान की कथा के दर्शन हर किसी को प्राप्त नहीं होते कलियुग में भागवत साक्षात श्रीहरि का रूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का फल प्राप्त हो जाता है इस कथा को सुनने के लिए देवी देवता भी तरसते हैं और दुर्लभ मानव प्राणी को ही इस कथा का श्रवण लाभ प्राप्त होता है। कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है।

## मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दमोह ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर जिले में लगातार स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज जिले केविकासखण्ड पथरिया में स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में आजीविका मिशन की स्वीप सखियों द्वारा एक वृहद रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री वर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वृहद रैली में महिलाओं द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न तरह की रंगोलियो का निर्माण किया। विशाल आकर की यह रंगोली राहगीरों एवं जनपद पंचायत कार्यालय में आने वाले लोगों के लिए के लिए बड़े ही आकर्षण का केंद्र बनी, जिन्हें लोगों ने तत्परता के साथ निहारा और वोट देने का संदेश रंगोली के माध्यम से आमजन को दिया। नागरिक भी रंगोली से बने संदेश को पढ़कर उत्साहित हुए। रैली में शामिल महिलाओं ने नारों के माध्यम से लोकतंत्र का संदेश पथरिया विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को दिया। इस रैली में मतदाता जागरूकता से संबंधित नारों, स्लोगन, पोस्टर,नाटक मंडली द्वारा मृदंग, मंजीरा और नगाड़े की धुन पर आकर्षक रूप से परंपरागत बुंदेली गीतों के माध्यम से संदेश देने की यह पहल बड़ी प्रभावकारी दिखाई दी। इस दौरान लोगों से आग्रह किया गया कि 26 अप्रैल 2024 को होने वाले इस लोकसभा निर्वाचन में अपने मतदान केंद्र पर जाकर जागरूक नागरिक होने के कर्त्तव्य का निर्वाह करें। रैली में सीईओ जनपद पंचायत पथरिया मनोज कुमार गुप्ता, तहसीलदार पथरिया दीपा चतुर्वेदी सहित स्वीप समिति सदस्य एवं एनएसएस जिला संगठक डॉ जितेंद्र कुमार चौधरी, जिला परियोजना प्रबंधक तीनेंद्र अहिरवार, सिद्धार्थ जाउरकर एवं सौरभ खरे एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लिया जायजा, आवश्यक सुझाव दिये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिंडोरिया में सीएमएचओ डॉ.सरोजनी जेम्स द्वारा ब्लड स्टोरेज यूनिट जिला नोडल डॉ.अमित प्रकाश जैन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड स्टोरेज यूनिट बनाने के लिए स्थान के चयन एवं आवश्यक सुझाव व दिशा निर्देश डॉ.अमित प्रकाश जैन द्वारा दिए गए एवं सीएमएचओ डॉ.सरोजनी जेम्स द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिंडोरिया में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में मरीज से चर्चा कर जानकारी ली गई। लेबर रूम पीएनसी वार्ड, पैथालॉजी डिपार्टमेंट एवं संस्था के कार्यों और साफ सफाई की व्यवस्था की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की गई। सीएमएचओ डॉ.सरोजनी जेम्स द्वारा मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अमित मिश्रा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उक्त विजिट के दौरान संस्था में डॉ. अमित मिश्रा के अलावा मेडिकल ऑफिसर डॉ.अनुराग दत्ता, डॉ.श्रेणिक बजाज, डॉ.ज्योति दुबे, हेमन्त शुक्ला, प्रकाश त्रिपाठी व संस्था के अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहीं।

## सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बांदकपुर

सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल बांदकपुर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के व्यवस्थापक श्री पीयूष डबुल्या एवं प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद गर्ग के द्वारा विद्या की देवी सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। इसके उपरांत विद्यालय की बहनों के द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया तदुपरांत विद्यालय के प्राचार्य श्री गर्ग जी के द्वारा कक्षा अरुण से नवम तक की कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा अरुण में प्रथम स्थान आर्यन सिह लोधी 96.01%, द्वितीय स्थान भगवान दास पटेल 93.02 प्रतिशत तृतीय स्थान भूपेंद्र सिंह लोधी 90%, उदय कक्षा में प्रथम स्थान देवांश नेमा 95.1%, द्वतीय स्थान आरती चक्रवर्ती 91.2 प्रतिशत तृतीय स्थान आयांश गुप्ता 91%, प्रथम कक्षा में प्रथम स्थान समृद्धि जैन 91.01%, द्वितीय स्थान सभ्यता सिह 94.1% तृतीय स्थान बेदीका नेमा 91.3 प्रतिशत, द्वितीय कक्षा में प्रथम स्थान हेमंत सिंह लोधी 97.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान शिव प्रसाद यादव 95.8 प्रतिशत तृतीय स्थान परी लोधी 91.6 प्रतिशत तृतीय कक्षा में प्रथम स्थान हार्दिक सिह लोधी 91.9% द्वितीय स्थान अंकित सिंह गौड़ 90.3 प्रतिशत तृतीय स्थान नीतेश सिंह लोधी 89% कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान कृष्णा पटेल 81.4% द्वितीय स्थान सोमती राजगौड़ 78.2 प्रतिशत तृतीय स्थान आकांक्षा जैन 75.6 प्रतिशत कक्षा षष्ठ में प्रथम स्थान निखिल जैन 92% द्वितीय स्थान विक्रम सिंह लोधी 90% तृतीय स्थान आयुष बिदौल्या 86% सप्तम कक्षा में बहिन लवी अठया प्रथम स्थान 90% द्वितीय स्थान धनवाई 87% और तृतीय स्थान प्रतीक सिंह ठाकुर 85% कक्षा नवम में द्रोपती ठाकुर प्रथम स्थान 96.01% द्वितीय स्थान रुकमणी ठाकुर 93.5 प्रतिशत तृतीय स्थान गायत्री ठाकुर 92.5 प्रतिशत रहा इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। वार्षिक परीक्षा उद्‌घोषणा के दौरान विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। विद्यालय के व्यवस्थापक जी के द्वारा सभी भैया बहनों को पुरस्कार वितरण करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री लक्ष्मी प्रसाद गर्ग जी के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष की पहली बार अजयगढ़ पहुंचने पर स्वागत



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त ज़िलाध्यक्ष आदरणीय ब्रजेंद्र मिश्रा डब्बू भाईसाब का प्रथम अजयगढ़ आगमन पर ज़ोरदार स्वागत हुआ जगह जगह तुलादान मण्डल अध्यक्ष गोविंद कुशवाहा बबलू के नेतृत्व में नगर में कई जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार आतिशबाजी कर भाईसब का स्वागत किया। जिसमे मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष गोविंद बबलू कुशवाहा, हनुमंत प्रताप सिंह, रामबाबू गौतम मण्डल महामंत्री, राजेंद्र खटीक विधानसभा संयोजक, उमेश निगम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, अमित गुप्ता, सुरेश यादव, मातादीन यादव, मुकुल जड़ियाँ, पंकज धुरिया, रामभुवन मिश्रा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवध तिवारी सुरेंद्र सिंह मुन्ना यादव संतु मिश्रा कौशल किशोर लोध मनोज प्रताप सिंह रामायण लोध अभिमन्यु सिंह महिला मोर्चा माण्डल अध्यक्ष सीमा तिवारी किरण तिवारी पूजा रायकवार राजेंद्र तिवारी पंकज मिश्रा विजय पटेल धर्मेंद्र नामदेव धर्मेंद्र राजपूत वृंदावन पटेल जयराम पाठक पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विशाल यादव अनिल गुप्ता रामराज यादव राजू यादव रामस्वरूप कुशवाहा घप्पू रजक बबलू मिश्रा बुद्ध विलास बाजपेयी संदीप विश्वकर्मा वीरेंद्र जैन गुड्डू जैन रामचंद्र यादव बाबू सिंह प्रमोद सिंह राजबहादुर चतुरेश सेन गिरजाशंकर खरे जनपद प्रतिनिधि मोहन यादव रवि रावत योगेन्द्र धुरिया रूबल पांडेय नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता धनंजय मिश्रा सीलू श्रीवास्तव व सभी वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल जबेरा ने परीक्षा परिणाम किया घोषित

**दमोह।** सत्र 2023-24 का परीक्षा परिणाम कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर योजना की परंपरा अनुसार दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना कर माधव शिक्षा समिति अध्यक्ष रूपेश सेन व्यवस्थापक रवि शंकर बाजपेई कोषाध्यक्ष बेनी प्रसाद नामदेव और मनोनीत सदस्य गनेश प्रसाद झारिया की उपस्थिति में घोषित किया गया जिसमें कार्यक्रम का



मंच संचालन विद्यालय वरिष्ठ आचार्य टेक सिंह ठाकुर ने किया एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत वंदन आचार्य दयाराम रैकवार के द्वारा किया गया इसके पश्चात विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों के नाम की घोषणा प्राचार्य रमेश कुमार साहू के द्वारा की गई जिसमें कक्षा अरूण से नियति साहू, मिष्ठी जैन, माही पटेल कक्षा उदय से वैष्णवी मेहरा, ऋतिक लोधी राघवेंद्र सींग कक्षा प्रथम से विनायक मेहरा, अनन्या रजक, अर्पित जैन, कक्षा द्वतीय से प्रज्ज्वल विश्वकर्मा, डाली सिंह, अर्पित विश्वकर्मा कक्षा तृतीय से सार्थिका जैन, प्रचेत साहू, शुभ तिवारी, कक्षा चतुर्थ से लवली सोनी, दिव्यांशी साहू, ऋद्धि नामदेव कक्षा षष्ठ से अपूर्वा सिंह प्रजापति, कामना सिंह , शिवा साहू, परिधि जैन, कक्षा सप्तम से दुर्गेश साहू , आर्या राय, ऋषभ तिवारी कक्षा नवम से आर्या जैन पिता सुमित जैन, आर्या जैन पिता नीतेश जैन, मोहनी लोधी , सिद्धि जैन ने क्रमशः प्रथम द्वतीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। जिन्हें माधव शिक्षा समिति अध्यक्ष रूपेश सेन ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया और इसी तरह आगे बढ़ते रहने को कहा व समस्त विद्यालय परिवार को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। अंत में प्राचार्य रमेश कुमार साहू के द्वारा समस्त अतिथियों का आभार किया गया। इस दौरान सभी कक्षाओं के भैया बहनों ,अभिभावकों एवं समस्त आचार्य परिवार की उपस्थिति रही की उपस्थिति रही।

## विदाई समारोह का आयोजन




**दमोह।** नगर पालिका परिषद दमोह में वाहन चालक के पद पर पदस्थ सुरतार सिंह का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम सोमवार को नगर पालिका परिषद दमोह कार्यालय में संपन्न हुआ। 31 वर्ष की सेवा अवधि नगर पालिका परिषद दमोह में देने के बाद वह अपने कार्य से पद मुक्त हुए श्री शहर ने नगर पालिका के अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की गाड़ियों के सारथी रहे। उनकी सेवानिवृत्ति पर सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शॉल श्रीफल से सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित एवं कर्मचारी संघ द्वारा भविष्य निधि राशि पूर्ण भुगतान का पत्र दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका कर्मचारी संघ अध्यक्ष राकेश जैन, सहायक यंत्री मेघ तिवारी, कार्यालय अधीक्षक अरविंद राजपूत संभागीय अध्यक्ष सुनील ठाकुर, संरक्षक अभिषेक पाठक, लक्ष्मण कसोतिया, यशवंत सिंह, अनिल असाटी, रानू साहू, मनोज तिवारी सहित बड़ी तादाद में नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### मुनि श्री प्रमाण सागर जी, श्री प्रणम्य सागर जी की कुण्डलपुर की धरा पर हुई भव्य अगवानी

## आचार्य श्री का अभाव हमें जिम्मेदारी का अहसास कराने वाला : मुनि श्री प्रमाण सागर



16 अप्रैल 2024 - सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर






हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**दमोह।** परम पूज्य संत शिरामणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिये श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में आगामी 16 अप्रैल को होने वाले आचार्य पद पदारोहण महामहोत्सव को लेकर लगातार ही आचार्य श्री शिष्यो का आगमन हो रहा है। सोमवार को कुण्डलपुर में सम्मेद शिखर जी स्थित गुणायतन तीर्थ प्रणेता पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज एवं अर्हम योग प्रणेता पूज्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज की भव्य अगवानी की गई। पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी श्री सम्मेद शिखर जी से विहार करते हुये लगभग 1000 किमी की लंबी यात्रा के बाद कुण्डलपुर पहुंचे है। इस अवसर पर गाजे बाजे के साथ उनकी भव्य अगवानी की गई। क्षेत्र कमेटी द्वारा अगवानी की व्यवस्थायें की गई थी। दिव्यघोष के माध्यम से मुनि संघ को मंच तक लाया गया जहां पर कुंडलपुर में पूर्व से विराजित निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी ,निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी ,निर्यापक मुनि श्री संभव सागर जी, मुनि श्री प्रभात सागर जी, मुनि श्री चंद्र सागर जी, मुनि श्री आनंद सागर जी, मुनि श्री निर्णय सागर जी, मुनि श्री अजितसागर जी, मुनि श्री विनम्र सागर जी, मुनि श्री विराटसागर जी, मुनि श्री विशद सागर जी ससंघ, आर्यिकारत्न तपोमती माताजी ससंघ, आर्यिका रत्न ऋजुमती माताजी ससंघ , आर्यिकारत्न चिंतनमति माताजी ससंघ , आर्यिकारत्न श्री सोम्यमति माताजी ससंघ आदि का मंगल मिलन हुआ। इस अवसर पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी सदस्य, महोत्सव समिति प्रभारी सदस्य ,बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तगण, ब्रह्मचारी भैया जी, दीदी जी, कुंडलपुर जैन समाज ,कुंडलपुर स्टाफ आदि की उपस्थिति रही।

### बेटे की काबिलियत का पता बाप के जाने के बाद चलता है : मुनि श्री

**दमोह।** मुनिश्री प्रमाण सागर जी ने कहा कि एक लंबे अंतराल के बाद संघ के साथ बैठकर एक अलग अनुभूति हो रही है । आज सब कुछ है पर गुरूदेव के अभाव से सभी का मन आकुलित है पर मेरा मन रंच मात्र भी आकुलित नहीं है मुझे लगता है गुरूदेव का अभाव या उस अभाव का अहसास हमारे लिये आकुलता का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का अहसास करने का कारण बनना चाहिये। जब तक गुरूदेव थे तब तक हम सब निश्चिंत थे उनकी छत्रछाया हम लोगो के ऊपर थी उनके इशारे से सारा काम हो जाता थे। अब वो नहीं है यह कहकर हम आंसू बहा लेंगे लेकिन जब तक पिता होते है तब तक बच्चों के ऊपर कोई जिम्मादारी नहीं होती। लोक में कहावत है कि बेटे की काबिलियत का पता बाप के जाने के बाद ही पता चलता। अब हम सब की जिम्मेदारी है कि आचार्य महाराज तो हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके आदर्श, विचार, सिद्धांत, विरासत, परंपरा इस धरा पर है उसको अक्षुण्ण बनाये रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। मै पूरे श्रमण संघ को व आप सबको भी यह कहता हूं वर्तमान का समय गंभीर है, एक विपत्ति है,



लेकिन मेरी दृष्टि में यह विपत्ती का सयम ही अवसर है। जो विपत्ती को अवसर में परिवर्तित कर लेता है वह बड़ी बड़ी उपलब्धियां अर्जित कर सकते है। संघ में गुरूदेव ने हम सबको जितना दिया वह बहुत है, पर्याप्त से भी बहुत अधिक है यदि हमने गुरूदेव की शिक्षा को सही दिशा में लगा दिया तो हम उनके अभाव में भी वह काम कर सकते है ताकि जो गुरूदेव ने परिकल्पना प्रस्तुत की थी वह पूरी हो जाये, उनके जो अधूरे कार्य है उन्हे पूर्ण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। मै बहुत लंबी यात्रा कुण्डलपुर आया हू। जा रहा था गुरूदेव के दर्शन करने के लिये, रास्ते में ही गाड़ी रूक गई, मेरा दुर्भाग्य था गुरू के दर्शन भी नहीं मिल सके। हम सब आज यहां एकत्रित हुये है, और महाराज लोग भी आने वाले है। हम लोग एक ऐसा स्वरूप सुनिश्चित करेंगे, आने वाले 16 तरीक के महामहोत्सव में एक एसी इबारत रखेंगे जो युगो युगांतर तक याद रखा जाये। आचार्य विद्यासागर कोई साधारण आचार्य नहीं थे, वह एक ऐसी विभूति थे जो कई शताब्दियों में हुई और आने वाले कई शताब्दियों में नहीं होने वाली। हमे इस विभूति की स्मृति को स्थाई बनाये रखने की जरूरत है, वो बनाने में हम सफल हुये तभी हमारे जीवन की उपलब्धि है। आज जो स्वागत किया गया उससे अभिभूत है। यहीं प्रेम वात्सल्य ही संघ की सबसे बड़ी ताकत है। हर साधू के ह्दय में सिर्फ आचार्य भगवान एवं उनके संघ के प्रति प्रेम वात्सल्य की भावना को लेकर चलना है ताकि हम एक नये इतिहास की रचना कर सकेंगे। बहुत संभावनायें आज यहा विराजमान सभी मुनिजनों के अंदर है आगामी समय में निश्चित बहुत कुछ अच्छा सिद्ध होगा।

**खबर संक्षेप**

### मुनि संघ का आज होगा मंगल प्रवेश

**दमोह।** महासमाधिधारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य प.पू.आचार्य श्री समयसागर जी मुनिराज के आज्ञानुवर्ती प.पू. मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज, प.पू. मुनिश्री आगम सागर जी महाराज, प.पू. मुनिश्री पुनीत सागर जी महाराज प.पू. मुनिश्री भावसागर जी महाराज प.पू. मुनिश्री निरापद सागर जी महाराज का , पद बिहार, कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्रकी ओर चल रहा है। इसी के अंतर्गत , मुनि संघ की आहार चर्या , छापरी ग्राम, मे हुईऔर रात्रि विश्राम खोजा खेडी मे हुआ। इसी क्रम में श्री दिगंबर जैन मंदिर दमोह में 02 अप्रैल प्रातः काल की वेला में मंगल प्रवेश होगा। मुनि श्री की 1250 कि.मी की पदयात्रा हो चुकी है। पैरों में छाले होने पर और गर्मी की तपन होने पर भी लगातार चल रहे हैं मुनि श्री। इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कि कहा कि गर्मी का समय है। पानी का उपयोग धन की तरह करें ,अनावश्यक जल की बर्बादी नहीं करें। जल है तो जीवन सफल है। जल की सोचे कल की सोचे,स्नान करने में , जल को बर्बाद नहीं करें। सभी लोगों को जल की व्यवस्था करें पक्षियों को सकोरों में जल अवश्य रखें । गाय आदि पशुओं को भी जल की व्यवस्था करें।

### पोर्टल आज प्रातः 10 बजे तक रहेंगी बंद

**दमोह।** वित्त वर्ष 2023-24 की फायनेंसियल क्लोंजिग के कारण एमपीऑनलाइन पोर्टल एवं इसके समस्त सब-डोमेन की सेवाएं आज 02 अप्रैल 2024 को प्रातः 10 बजे तक बंद रहेंगी। एमपीऑनलाइन का पेमेंट गेटवे बंद रहने के कारण एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर आवेदन कर पंजीयन बाधित रहेगा।

### नरवाई में आग न लगाने की किसान भाइयों गौ सेवकों ने की अपील

## नरवाई की आग लील गई भूसा मवेशियों पर संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में प्रशासन एवं कृषि विभाग की पाठशालाओं में तमाम समझाइश, जागरूकता अभियान चलाने के बाद भी नरवाई की आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। गेंहू की कटाई कार्य चल रहा ऐसे में किसान भाइयों से गौ सेवक तुलसीराम तिवारी ने नरवाई में आग न लगाने की अपील की है क्योंकि किसान भाइयों के द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं से गौवंश मावेसियो का चारा भूसा को आग लील जाती है नरवाई खेतों में जल जाने से यह हालत बनते है कि किसान खुद के पालतू पशुओं के लिए भी भूसा का संकट खड़ा हो जाता है अगर नरवाई ऐसे ही जलती रही तो जिले में आगामी माहों में भूसा का संकट भी पैदा हो जाएगा। गर्मी की तपन के बीच भूसा, चारा-पानी के अभाव और मौसमी बीमारी एवं रतौंधी में गौ वंश और मवेशियों की हालत बिगड़ रही है। भूखे प्यासे मवेशियों की मौत हो जाएगी है। गांव हो या शहर की सड़कों पर हजारों आवारा मवेशी बेहाल घूम रहे हैं। जिनके लिए भूसा चारा पानी की व्यवस्था खेतों की नरवाई से होती है यहां गेहूं की कटाई के बाद अधिकांश खेतों की नरवाई आग के हवाले कर दिए जाने से जलकर राख हो जाती है, ज्यादातर रकबे की नरवाई से भूसा बनाने एवं बखरने के बजाए जला देते है जिससे मवेशियों के सामने चरवन भूसा का संकट खड़ा हो जाता है। मूंग की बोवनी करने के लिए भी गेंहू कटाई के बाद किसान नरवाई में आग लगा देते है फसल कटाई के तुरंत बाद खेतों में आग लगने से बहुत बड़ी-बड़ी घटनाएं हर साल घटित होती हैं कई किसानों की खड़ी फसल भी जल जाती है और कई प्रकार की जनहानि भी होती है जीव जंतु आज में स्वाहा हो जाते हैं वायु प्रदूषण भी फैलता है जिसकी बावजूद किसान कोई सबक नहीं लेता है और नरवाई में आग लगा देता है हैरानी की बात तो यह है किसान फसल काटकर अपने परिवार को तो भोजन की व्यवस्था निश्चित कर लेता है लेकिन यह भूल जाता है की गोवंश का जीवन किसानों पर ही निर्भर है उनके चारे भूसा का ध्यान भी रखना किसानों की जिम्मेदारी है इसलिए फसल कटाई के तुरंत बाद खेतों में आग न लगाने की अपील किसानों से समाजसेवी गौ सेवको के द्वारा की गई है।



### हम जब भी स्कूल में प्रवेश करते हैं तो ज्ञान के लिये प्रवेश करते हैं -कलेक्टर

**दमोह।** हम जब भी स्कूल में प्रवेश करते हैं तो ज्ञान के लिए प्रवेश करते हैं और जब प्रस्थान करते हैं, तो सेवा के लिए करते हैं, यही उद्देश्य सभी बच्चे भी सार्थक करेंगे। यदि आपके दिन की शुरुआत बच्चों के साथ हो तो उससे खुशनामा बात और कुछ नहीं हो सकती है। आज बहुत अच्छा अवसर है कि शाला में बच्चों का प्रवेश आज प्रारंभ हुआ है, मुझे बड़ी खुशी है कि बच्चों ने पूरे उत्साह, ऊर्जा और उमंग के साथ प्रवेश लेने की शुरुआत की है। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज नगर के शिवाजी स्कूल, ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पटपरा में मनाये जा रहे प्रवेशोत्सव के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.नेमा, शिक्षक-शिक्षिकायें, छात्र-छात्रायें तथा अभिभावकगण मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा शिक्षा विभाग की तरफ से विद्यार्थियों को स्लेट, पेंसिल, शार्पनर फूल देकर और तिलक नगर उनका अभिनंदन किया गया है, बच्चे बड़ा खुश महसूस कर रहे हैं। हमारी पूरी टीम, टीचर्स, प्रिंसिपल और शिक्षा विभाग इन बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़े, इसके लिए हम लगातार मॉनीटरिंग भी करेंगे। प्रवेश के दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि यदि आपको अपने जीवन में कुछ बनना है तो सबसे पहले अपनी जिंदगी में लक्ष्य निर्धारित करना पड़ेगा और दूसरा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी, कड़ी मेहनत के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है, उस रास्ते में शासन-प्रशासन जहां-जहां मदद कर सकता है, पूरी मदद करेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलित कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को पुस्तकों, स्लेट, पेंसल, चाकलेट आदि का वितरण किया तथा बच्चों से संवाद भी किया। उन्होंने बच्चों के साथ आये माता-पिता से भी चर्चा कर बच्चों को स्कूल प्रतिदिन भेजने की बात कही। कलेक्टर श्री कोचर ने शिक्षक-शिक्षकों से भी चर्चा की और कार्यक्रम के लिये धन्यवाद दिया।





### पुलिस अधीक्षक ने दी भावभीनी विदाई

**दमोह।** यातायात थाना में पदस्थ एएसआई चंद्रवीर राजपूत और सागर नाका चौकी में पदस्थ एएसआई केएल अठया को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, आरआई हेमंत बरहैया सहित पुलिस अधिकारी और कर्मियों ने दोनों पुलिस अधिकारियों को शाल श्रीफल, फूल माला पहनकर स्मृति चिन्ह देकर भावभीनी विदाई देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने कहा कि अभी तक आपने जन सेवा में अपना समय दिया है। अब आप अपने परिवार को समय दें और स्वास्थ्य खुशी से रहने की बात कही।

### लोस प्रभारी तरवर सींग आज भरेगे नामांकन

**दमोह।** जिले के एवं सागर जिले की आठो विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक क्षेत्र के आठो विधानसभा प्रत्याशियों पदाधिकारियों कांग्रेसजनों के साथ कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी बंडा के पूर्व विधायक तरवर सींग लोधी आज 2 अप्रैल दोपहर 11 बजे अपना नामांकन दखिल करेगे। उक्ताशय की विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जो कि भोपाल से हेलीकाफ्टर द्वारा दमोह आयेगे और आठो विधानसभा के कांग्रेस जन के साथ किल्लाई नाक स्थित नीलकमल गार्डन में एकत्रित होकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी विधायक रामसिया भारती लोकसभा प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव, पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह, मनु मिश्रा, ज्योति पटेल, राव ब्रजेन्द्र सींग, प्रदीप खटीक की अगुवाई में किल्लाई नाका से घंटाघर वहॉ गांधी प्रतिमा पर अस्पताल चौराहा पर अम्बेडकर प्रतिमा पर पुष्पाहार करते हुए जबलपुर नाका स्थित तहसील कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### प्राईवेट स्कूलों द्वारा मनमानी के विरोध में राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** अभिभावक संघ द्वारा राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन दमोह कलेक्टर को सौंपा जानकारी देते हुए बताया कि दमोह जिले के विभिन्न प्राईवेट स्कूलो द्वारा प्रतिवर्ष किताबो के पब्लिकेशन में बदलाव किया जाता है जिससे पुरानी किताबे चलन से बाहर हो जाती है व उनके रेटस भी एनसीआरटी किताबो की तुलना में 8 से 10 गुना अधिक होती है। प्राईवेट स्कूल प्रबंधन द्वारा कुछ एक दुकानदार से साठ गाठ कर ली जाती है किंतु स्कूल की किताबे यूनिफार्म सिर्फ उन्ही दुकानदारो के यहां मिलती है वह भी पूरा सेट लेना पड़ता है यदि किसी अभिभावक को सिंगल किताब चाहित तो नहीं दी जाती है। इसी प्रकार प्रतिवर्ष किसी न किसी बहाने फीस में भी भारी वृद्वि की जाती है। ज्ञापन में कुछ मांगें बताई जैसे समस्त प्राईवेट स्कूलो में भी एनसीआरटी की किताबे चलाई जायें। समस्त प्राईवेट स्कूलो में भी केन्द्रीय विद्यालय की तर्ज पर पुस्तक उपहार अभियान का आयोजन किया जाये ताकि बच्चो में बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति संदेदनशील और जागरूक बनाये जाने की भावना विकसित हो किताबो पर व्यय होने वाले पैसों की बचत और विद्यार्थियो में सहयोग की भावना विकसित होवे। अभिभावको को यदि सिर्फ किताबे या एक दो किताबे चाहिए है तब उन पर पूरा किताबो का सेट लेने का दबाव न बनाया जावे एवं विद्यार्थियो की फीस में मनमानी वृद्धि न की जाये आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

### हाई स्कूल राजाबंदी में बच्चों को तिलक लगाकर मनाया गया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

हाई स्कूल राजाबंदी में एक अप्रैल को शासन के आदेशानुसार प्रवेश उत्सव का आयोजन विकास खंड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल एवं संकुल प्राचार्य की उपस्थिति में प्राचार्य मुकेश गूजरे द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को हल्दी चॉवल का तिलक लगाकर माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन कर किया गया। स्कूल में उपस्थित सभी बच्चों को पेन कॉपी देकर,पुस्तकें देकर, खेल प्रतियोगिता, बैण्डबाजा बजाकर, अब्राहिम लिंकन के संदेश को पढ़कर, पेड़ एवं जल बचाने के संदेश को देकर बड़े ही उत्साह से आयोजन किया गया,केचमेंट शालाओं राजाबंदी ,बमुरिया,बरखेराबैस के एचएम से कक्षा आठवीं की परीक्षा में सामिल बच्चों की सूची प्राप्त कर सभी से संपर्क किया गया जिस कारण पहले ही दिन सात बच्चों ने प्रवेश ले लिया ,स्कूल में गतिविधिआधारित शिक्षा के कारण राजाबंदी हाई स्कूल का अपना महत्व है। सभी को मिष्ठान प्रसाद वितरण कराया गया। कार्यक्रम में हरेंद्र सिंह कपिल साहू मनोहर पटेल इमरत अहीरवाल शैलेंद्र चौबे यशिका सोनी धर्मदास पटेल उपस्थित रहे।

### पुलिस ने जुआ फड़ पर मारा छापा

**हटा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अवैध कार्यो में संलिप्त लोगो के खिलाफ मुहिम छेड़कर कार्यवाही के निर्देशन परिपालन में हटा एसडीओपी नीतेश पटैल के निर्देश पर थाना प्रभारी मनीष कुमार के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर नगर के शास्त्री वार्ड में एक घर के पीछे चल रहे अवैध जुआ फड़ पर छापामार कार्यवाही की गई जहां जुआ खेल रहे नीलेश शर्मा निवासी ग्राम जमुनिया लक्ष्मण सिंह राजपूत निवासी शास्त्री वार्ड छोटू पटैल लालटेक बृजेश पटैरिया गड़िया हीरा पटैल लालटेक गब्बर अहिरवार निवासी खैरी को पकड़कर 52 ताशपत्ती सहित 42 सौ रू.नगदी बरामद कर सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में ए.निरी.शत्रुघन दुबे सउनि.सुंदरलाल सुमन रामकुमार सिंह की विषेष भूमिका रही।

### आकाशीय बिजली की चपेट में किशोरी की मौत

**बनवार।** विगत दिनों जबेरा जनपद के ग्राम भाट खमरिया में आकाशीय बिजली गिरने से भाजपा कार्यकर्ता खिलान सिंह लोधी की पुत्री 14 वर्षीय लीला बाई उर्फ मुस्कान की दुखद मौत हो गई थी भाजपा कार्यकर्ता की पुत्री की मौत को जबेरा भाजपा कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई, रविशंकर बाजपेई,कमल सिंह, विनोद बाजपेई,सतेन्द्र सिंह ठाकुर, संतोष अवस्थी, सहारा ठाकुर,सुदीप अवस्थी, इंद्रजीत सिंह,मीना ठाकुर पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### सीएम राइज पथरिया में प्रवेश उत्सव संपन्न



**पथरिया।** शास.नवीन प्राथमिक शाला सीएम राइज कैंपस 2 पथरिया में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व चंदन का तिलक लगाकर बीआरसी जे के जैन पथरिया के मुख्य आतिथ्य मे एवं एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती सविता काछी अध्यक्षता अकादमिक समन्वयक जगदीश पटेल, मुन्नालाल पटेल, डी पी करकरे एवं संस्था के वरिष्ठ शिक्षक कुंजीलाल पाली, भागचंद अहिरवार, सुदेश नायक, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, अजय कुमार कोरी, श्रीमती कुसुम खटीक, हरिशचंद्र पटेल व सैकडो अभिभावकों, एमडीएम सदस्य, छात्रों की उपस्थिति में शाला का प्रवेश उत्सव संपन हुआ। बीआरसी जैन के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मीठा खिलाकर व उपस्थित सभी सदस्यों ने बच्चों को तिलक लगाया एवं मीठा खिलाया।

### प्राचीन वेदी निष्ठापन के अवसर पर गणधर वलय विधान का आयोजन



**दमोह।** श्री 1008 चंद्रप्रभु जिनालय कुलुवा में प्राचीन वेदी निष्ठापन के अवसर पर गणधर वलय विधान तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभिषेक पूजन एवं विधान व अन्य धार्मिक अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न किए गए जिसमें अंतिम दिन हवन किया गया उसके पश्चात श्रीजी शोभायात्रा निकाली गई। जो कुलुवा ग्राम के मुख्य मार्गो से से होते हुए अपने गंतव्य स्थान मंदिर जी में आकर श्रीजी का शांति धारा के साथ अभिषेक किया गया। श्रीजी शोभा यात्रा दौरान चारों तरफ धर्म की प्रभावना हो रही थी। समस्त कार्यक्रम श्रद्धेय बाल ब्रम्हचारी श्री हरीश भैया जी सीकर (राज.) वालों के परम सानिध्य में हुआ संपन्न।